बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा

अधिन्यास पत्र – कक्षा पाँचवीं

विषय व्याकरण उपविषय- भाषा व व्याकरण

नाम ------ कक्षा ----- भाग- ---- तिथि -06|04|2020

विचारों का आदान प्रदान भाषा कहलाए
जिस साधन से मानव बातचीत कर पाए।

भाषा दो प्रकार की होती है। मौखिक भाषा व लिखित भाषा।

(मौखिक उदाहरण)	(लिखित उदाहरण)
(1) आपसी बातचीत	(1) पत्र
(2) भाषण	(2) समाचार पत्र
(3) वाद- विवाद	(3) पत्रिकाएँ

* हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।

बोली – किसी विशेष क्षेत्र में बोली जाने वाला भाषा बोली कहलाती है। जैसे पंजाब में पंजाबी, केरल में मलयालम, कश्मीर में कश्मीरी।

लिपि – भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाए
सही भाषा जो लिखना सिखाए।

* हिंदी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।

व्याकरण– व्याकरण भाषा को शुद्ध रूप से पढ़ना, लिखना व बोलना सिखाए, आपके ज्ञान को बढ़ाए।

★ आइए अब ध्यान दीजिए
पाठ को दोहरा लीजिए।

* विचारों का आदान-प्रदान भाषा कहलाता है।
* भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।
* किसी विशेष क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा बोली कहलाती है।
* हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है।
* व्याकरण द्वारा हम शुद्ध बोलना, पढ़ना व लिखना सीखते हैं।
* हिंदी की लिपि देवनागरी है।
* हर भाषा की अपनी लिपि होती है।
* भाषा के दो रूप होते हैं मौखिक व लिखित
* अंग्रेजी भाषा की लिपि रोमन है।
* पंजाबी गुरुमुखी में व उर्दू फ़ारसी लिपि में लिखी जाती है।

अब आपकी बारी! — नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) विचारों का आदान-प्रदान क्या कहलाता है?

(ख) पंजाबी व उर्दू की लिपि कौन सी है?

(ग) भारत की राष्ट्रभाषा कौन सी है?

(घ) भाषा को लिखने का ढंग क्या कहलाता है?

(ङ.) हिंदी की लिपि का नाम बताएँ।

चलो दिमाग लगाओ भाषा को सही लिपि संग मिलाओ।

(भाषा का नाम)	(लिपि का नाम)
(क) हिंदी	रोमन
(ख) अंग्रेज़ी	देवनागरी
(ग) पंजाबी	फ़ारसी
(घ) उर्दू	देवनागरी
(ङ) संस्कृत	गुरुमुखी

दिमागी कसरत – (रचनात्मक लेखन)

"यदि पेड़ बोलने लग जाएँ अपनी बात कैसे समझाएँ"। कल्पना से लिखिए।

नोट– छात्र इस अधिन्यास पत्र को हल करके अपनी उत्तरपुस्तिका में लगाएँगे। आप इसे उतारकर भी अपनी उत्तरपुस्तिका में लिख सकते हैं।

Please refer to the you tube link for more information

https://www.youtube.com/watch?v=Fax87RidGRo&feature=youtu.be